तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 4.3 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025



11 क्रिसमस पर श्रद्धालुओं ने की प्रभु की पूजा





12 रोजाना 80 मरीज मुफ्त करवा रहे पीलिया का उपचार




## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- लघु सचिवालय में खुला दरबार, अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

## खबर संक्षेप

### इंतकाल निपटारे के लिए लगेंगे शिविर



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को इंतकाल के लम्बित मामलों का जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि इंतकाल के लम्बित मामलों का निपटान करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाए। गुप्ता ने निर्देश दिए कि इंतकाल के लम्बित मामलों को निपटाने के लिए 27 दिसंबर के अलावा 3 व 10 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित किए जाए। इन विशेष शिविरों के बारे में जानकारी देने के लिए जिला, तहसील व ग्राम स्तर पर मुनादी भी करवाई जाए ताकि अधिक से अधिक इन शिविरों के बारे में जानकारी मिल सके।

### सीवरेज लाइन ओवरफ्लो होने से लोग परेशान

**महम।** हुड्डा टाऊन पार्क के गेट के सामने शिव मंदिर के पास सीवरेज लाइन ऑवरफ्लो हो चुकी है। जिस वजह से गली में गंदगी फैली हुई है। लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी किताब सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से गली के लोग जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन सीवरेज लाइन की सफाई नहीं की जा रही। इस संबंध में अभियंता, एसडीओ वको शिकायत की जा चुकी है। लेकिन आश्वासन ही मिल रहे हें, समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने जल्द समाधान की मांग की है।

## खौफनाक वारदातों से दहला शहर : माता दरवाजा पर रिश्ते तार-तार, दुर्गा कॉलोनी में अंकित के मर्डर से परिवार में कोहराम

# भाई ने दिनदहाड़े ब्यूटी पार्लर चलाने वाली बहन का गला रेता

**विवाद के बाद हत्या**

- लाला सुबह अपनी बहन के पार्लर पर पहुंचा, कहासुनी होने पर तैश में आकर तेजधार हथियार से हमला
- पार्लर पर काम करने वाली लड़की, माया के बचाव में आई तो आरोपी ने उसपर हमला बोल कर घायल किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के व्यस्त माता दरवाजा चौक क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक ब्यूटी पार्लर संचालिका की उसके ही सगे भाई ने दिनदहाड़े गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात के दौरान बीच-बचाव करने आई पार्लर में काम करने वाली एक युवती पर भी आरोपी ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। आरोपी भाई को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया। वहीं फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया गया है, जबकि घायल युवती का अस्पताल में इलाज जारी है।

- घायल युवती पीजीआई में उपचाराधीन
- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

### लोगों के सामने मर्डर

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान कबीर कॉलोनी निवासी माया (उम्र लगभग 30–32 वर्ष) के रूप में हुई है। माया माता दरवाजा चौक के पास माया ब्यूटी पार्लर नाम से अपना पार्लर चलाती थी। गुरुवार सुबह माया अपने पार्लर में मौजूद थी, तभी उसका भाई लाला वहां पहुंचा। किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी भाई ने अचानक आपा खो दिया और अपने साथ लाए तेजधार हथियार से माया पर हमला कर दिया। उसने बेरहमी से गला रेत दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

घटना के समय पार्लर में काम करने वाली युवती लक्ष्मी भी मौजूद थी। जब उसने माया को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर भी तेजधार हथियार से हमला कर दिया। हमले में लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस के पहुंचने से पहले ही घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस घायल युवती का बयान दर्ज करने की तैयारी में है, जिससे घटना से जुड़े अहम तथ्य सामने आ सकें।

### लोग बोले- मिलनसार स्वभाव की थी माया

बताया गया है कि माया की शादी पहले हो चुकी थी, लेकिन बाद में उसका पति से तलाक हो गया था। तलाक के बाद वह अपने ब्यूटी पार्लर के माध्यम से आत्मनिर्भर जीवन जी रही थी। पार्लर ही उसकी आजीविका का मुख्य साधन था। स्थानीय लोगों का कहना है कि माया मिलनसार स्वभाव की थी और अपने काम को लेकर काफी मेहनती थी। भाई के साथ उसका विवाद किस बात को लेकर हुआ, इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश और अन्य संभावित कारणों की जांच कर रही है।

### पुलिस अधिकारी बोले पूछताछ से होगा खुलासा

डीएसपी रवि खुंडिया ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि माता दरवाजा क्षेत्र में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला की हत्या उसके सगे भाई लाला ने की है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। वारदात में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी और हत्या के पीछे के कारणों का खुलासा पूछताछ के बाद होगा।

# गाड़ी साइड करने को बोला तो फूल व्यापारी को चाकुओं से गोदा

**दो आरोपी गिरफ्तार**

- अंकित सुबह गाड़ी लेकर दिल्ली के लिए निकला था, गली के बाहर गाड़ी साइड करने को लेकर दो युवकों से कहासुनी
- आरोपियों ने अंकित को धमकाते हुए पिस्तौल निकाली, गोली न चलने पर दोनों चाकू लेकर उस पर टूट पड़े



### सूचना मिलने पर परिजन पीजीआई ले गए, दम तोड़ा

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अंकित को तुरंत पीजीआई रोहतक ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंकित की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। अंकित अपने परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी तीन बड़ी बहनें हैं। वह सबसे छोटा होने के कारण पूरे परिवार की जिम्मेदारी भी उसी के कंधों पर थी। अंकित की असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। परिवार को रो-रोकर बुरा हाल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में बृहस्पतिवार की अल सुबह एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब गाड़ी को साइड देने की कहासुनी के बाद दो युवकों ने फूल व्यापारी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। यह खौफनाक वारदात युवक के घर के नजदीक ही अंजाम दी गई। हमलावरों ने पहले पिस्टल से गोली मारने का प्रयास किया, लेकिन जब हथियार ने काम नहीं किया तो उन्होंने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर युवक को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।मृतक की पहचान दुर्गा कॉलोनी निवासी अंकित (22) के रूप में हुई है। अंकित पेशे से फूल व्यापारी था और रोहतक के सोनीपत बस स्टैंड के पास उसकी फूलों की दुकान थी।

- अंकित की सोनीपत स्टैंड के पास फूलों की दुकान थी
- रोज दिल्ली से फूल लाकर बेचता था

वह रोजाना दिल्ली से फूल लाकर अपनी दुकान पर बेचता था। बुधवार रात भी वह अपने साथियों के साथ फूल लेने दिल्ली जा रहा था, तभी रास्ते में यह दर्दनाक घटना हो गई। परिजनों के अनुसार, बृहस्पतिवार की अल सुबह अंकित अपनी गाड़ी लेकर दिल्ली के लिए निकला था। जब वह गली से बाहर निकल रहा था, उसी दौरान रास्ते में दो युवकों से गाड़ी साइड करने को लेकर उसकी कहासुनी हो गई।

शुरू में यह विवाद मामूली लग रहा था, लेकिन कुछ ही देर में दोनों युवक आक्रामक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों का कहना है कि विवाद बढ़ते ही आरोपियों ने अंकित को धमकाना शुरू कर दिया। बात इतनी बिगड़ गई कि एक आरोपी ने अचानक पिस्टल निकालकर अंकित पर तान दी और गोली चलाने की कोशिश की। पिस्टल से फायर नहीं होने पर आरोपी और ज्यादा बौखला गए। परिजनों ने बताया कि इसके बाद एक आरोपी अपनी गाड़ी की ओर दौड़ा और वहां से चाकू निकालकर वापस आया। उसने अंकित पर एक के बाद एक कई वार कर दिए।

चाकू के हमले में अंकित गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। हमले के दौरान अंकित के साथ मौजूद उसके दोस्त कुलदीप, रोहित और प्रमोद कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आरोपी फरार हो गए। दोस्तों ने तुरंत अंकित के परिजनों को सूचना दी।



### आरोपियों से बीयर की बोतल व चाकू बरामद

घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने घटनास्थल से अहम सबूत जुटाए हैं। मृतक की गाड़ी से एक बीयर की बोतल और चाकू भी बरामद हुआ है, जिससे हमला किए जाने की आशंका है।

**हत्या का केस दर्ज :** सिविल लाइन थान प्रभारी अंकिता ने बताया कि पुलिस को एक युवक की हत्या की सूचना मिली थी। जांच में सामने आया कि दो युवकों ने गाड़ी साइड करने के विवाद में वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों की पहचान सुमित पुत्र नरेश निवासी गांव किलोई और राहुल पुत्र जयपाल निवासी गांव बोहर के रूप में हुई है।

# साहिबजादों की स्मृति में 25 युवाओं ने रक्तदान किया

**रोहतक।** अम्बेडकर चौक पर राष्ट्र देवो भवः मिशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मिशन के संस्थापक संत बावा सुखा शाह महाराज ने की। यह रक्तदान शिविर गुरु गोबिंद सिंह महाराज के साहिबजादों की स्मृति में आयोजित किया गया, जिन्होंने हिंदू धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। पीजीआई ब्लड बैंक रोहतक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 25 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। अजय गुलिया ने छठी बार, जसबीर पटवारी ने दसवीं बार तथा रोहित हूडा ने बीसवीं बार रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

- राष्ट्र देवो भव: मिशन के तत्वावधान में लगा शिविर



रोहतक। रक्तदाताओं को सम्मानित करते आयोजक।

संत सुखा शाह महाराज एवं डॉ. रवि रंगा ने सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य उषा शर्मा, समाजसेवी सुभाष गोगिया, अजेश गुप्ता, सरदार मनप्रीत सिंह, पंकज कपूर एवं राजिंदर मनचंदा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 786 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, केस

**रोहतक।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत रोहतक पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को नशीले पदार्थ के साथ काबू किया है। आरोपी के कब्जे से 786 ग्राम अफीम बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ के प्रभारी उप निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक धर्मबीर के नेतृत्व में पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान टीम काहनौर क्षेत्र में एक ढाबे के पास पहुंची, जहां एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता नजर आया। पुलिस को देखकर युवक घबरा गया, जिससे शक के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली गई।

- पुलिस ने काहनौर के पास जसबीर को पकड़ा



रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

तलाशी के दौरान युवक के पास से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ। जांच में पाया गया कि यह पदार्थ अफीम है, जिसका कुल वजन 786 ग्राम है। पूछताछ में युवक की पहचान अंकित पुत्र जसबीर, निवासी गांव सुडाना के रूप में हुई।

# 13 दिन बाद 'सेहत' एमरजेंसी से बाहर, हवा की स्पीड बढ़ी तो आया सांस

**वायु प्रदूषण से राहत**

- वीरवार शाम सात बजे एक्यूआई 102 दर्ज हुआ

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

पिछले दिनों राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से गत मंगलवार-बुधवार को रोहतक व इसके नजदीकी क्षेत्रों में 12-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिमी हवाएं चली। जिसका असर वीरवार को रोहतक शहर में दिखाई दिया। जो एक्यूआई बीते 13 दिन से खराब, बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में था, वह शाम को सात बजे संतोषजनक के करीब पहुंच गया था। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक हवा में पीएम 2.5 की मात्रा 102 थी। इससे पहले 11 दिसंबर को एक्यूआई 56 दर्ज किया गया था। इसके बाद से लगातार रोहतक की हवा सांस लेने के लायक नहीं थी। सरकारी डाटा के मुताबिक 12 दिसंबर को एक्यूआई 285,13 को 298, 14 को उपलब्ध नहीं, 15 को 281, 16 को 421, 17 को 385, 18 और 19 को उपलब्ध नहीं, 20 को 279, 21 को 337, 22 को 327,23 को उपलब्ध नहीं, 24 को 340 और 25 दिसंबर को शाम सात बजे बजे 102 था। आपको ध्यान दिला दें कि अगर वायु में पीएम 2.5 की मात्रा 1 से 50 तक है तो अच्छी है। 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401 से 500 तक गंभीर होती है।

### वायु की गुणवत्ता खराब होना चिंताजनक

सरकार के पास अभी तक प्रदूषण नियंत्रण की ठोस नीति नहीं है। ऐसे में कैसे उम्मीद की जा सकती है कि लगातार बढ़ रहे पॉल्यूशन पर नियंत्रण कैसे पाया जाएगा। हवा की गति थोड़ी तेज हो जाती है तो प्रदूषण कम हो जाता है। वरना तो पॉल्यूशन गटकना सरकार ने लोगों की नियति बना दिया है। प्रदूषण के लिए अधिकतम 10 से 15 प्रतिशत जिम्मेदार किसानों को एक्यूआई बढ़ाने का दोष सरकारों द्वारा लगभग एक दशक से मढ़ा जा रहा है। पुलिस में एफआईआर तक किसानों के खिलाफ सरकार की तरफ से दर्ज करवाई जाती हैं। अब तो पराली का एक तिनका भी किसानों ने नहीं जलाया। बावजूद इसके हवा सांस लेने के लायक क्यों नहीं हो रही।



### प्रदूषण नियंत्रण में वर्ल्ड बैंक करेगा सहयोग

बताया जा रहा है कि हरियाणा को प्रदूषण नियंत्रण के लिए विश्व बैंक के सहयोग से पिछले दिनों लगभग 3,600 करोड़ (305 मिलियन डॉलर) की एक बड़ी परियोजना मिली है। जिसे हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना कहा जा रहा है, जिसका लक्ष्य अगले पांच साल में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार करना है, जिसमें पराली जलाने पर रोक, उद्योगों का आधुनिकीकरण, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा और वायु गुणवत्ता की निगरानी शामिल है।

### प्रदूषण के कणों से कैंसर सहित अन्य खतरनाक रोग होने का खतरा मंडरा रहा

वायु प्रदूषण फेफड़ों, हृदय, मस्तिष्क और त्वचा सहित शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। जिससे अस्थमा, सीओपीडी, हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर, मधुमेह, याददाश्त में कमी, डिप्रेशन और त्वचा/आंखों की जलन जैसी गंभीर समस्याएं होती हैं। क्योंकि छोटे कण रक्तप्रवाह में प्रवेश करके सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ाते हैं। प्रदूषण सबसे पहले और सबसे गहरा असर फेफड़ों पर डालता है। हवा में मौजूद पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कण सांस के साथ सीधे फेफड़ों की गहराई तक पहुंच जाते हैं। ये कण फेफड़ों की अंदरूनी परत में सूजन पैदा करते हैं, जिससे सांस लेने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है।

### जवाबदेही तय किए बिना प्रदूषण पर नियंत्रण पाना संभव नहीं



जब तक पॉल्यूशन के असली कारणों पर काम नहीं किया जाएगा। तब तक प्रदूषण पर नियंत्रण होगा नहीं। जो सबसे ज्यादा जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही भी उसी अनुपात में होनी चाहिए। हवाई बातों से कभी भी वायु स्वच्छ नहीं होगी। मूल कारण खोजने होंगे और उनका निदान किया जाना आवश्यक है। साल दर साल पॉल्यूशन बढ़ रहा है, ये सबसे बड़ी चिंता है।

-**डॉ. अरूण कुमार**, कार्यक्रम प्रबंधक एनवायरोकैटलिस्टस नई दिल्ली

### योग चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में 50वीं सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर फरीदाबाद में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर ओमैक्स हाइट्स क्लब हाउस, सेक्टर-86 स्थित बहुउद्देशीय योगा हॉल में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 से 30 दिसंबर तक रांची (झारखंड) में आयोजित की जाएगी। शिविर का उद्देश्य चयनित खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, मानसिक एकाग्रता और प्रतियोगिता स्तर के प्रदर्शन को बेहतर बनाना रहा। हरियाणा टीम ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योग और रिदमिक योग जैसे इवेंट्स में विभिन्न आयु वर्गों में भाग लेगी। एसोसिएशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. जनक राज ने बताया कि 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों में एवनी डुड्डी (हिसार), दीक्षिता सिंह (करनाल) और रीना (सिरसा) तथा लड़कों में वरदान (करनाल), पार्थ (पलवल) और वासुदेव (सिरसा) का चयन हुआ है।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करोगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



## जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



## पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

## पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

## मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

बच्चो, अगर तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

## मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर काड्र्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

## नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स


कविता / राजा चौरसिया

# स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।



## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

कहानी
रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

# प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताबः** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिकाः** रेखा शाह आरबी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## रंग भरो-192

रंग भरो-192 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस पर प्रदेश को मिला विकास का रोडमैप

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शमशेर सिंह खरक ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार प्रदेश और जनता के हित में निरंतर ठोस निर्णय ले रही है। पंचकूला में आयोजित सुशासन दिवस समारोह ने यह साबित कर दिया है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने वाली सरकार है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर की गई घोषणाएं हरियाणा के विकास को नई दिशा देंगी। खरक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी 87 शहरी स्थानीय निकायों में अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण और उनकी प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की है, जिसे छह माह में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्मारक नहीं, बल्कि विचारों को संस्थागत रूप देकर समाज को दिशा देने का कार्य करती है। डिजिटल पहलों पर प्रकाश डालते हुए शमशेर सिंह खरक ने कहा कि सिक्योरिटी ऑफ सर्विस पोर्टल से सरकारी सेवाओं में डेटा सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी। औद्योगिक आवेदन पोर्टल से निवेश प्रक्रिया सरल होगी, जबकि प्रेस रिलीज मैनेजमेंट सिस्टम और ऑनलाइन प्रेस मान्यता पोर्टल से सूचना तंत्र अधिक पारदर्शी बनेगा। एआई सक्षम इंस्टेंट पंजीकरण प्रणाली से नागरिकों को त्वरित सेवाएं मिलेंगी।

### विशेष क्रिसमस कैरोल्स और गीतों ने माहौल को बनाया पवित्र

# क्रिसमस पर चर्च के बाहर लगा मेला, हजारों ने उठाया लुत्फ

गुरुवार को छुट्टी होने के कारण सुबह से ही यहां श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

क्रिसमस के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। रोहतक के प्रमुख चर्च के बाहर लगा भव्य मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। वीरवार को छुट्टी होने के कारण सुबह से ही यहां श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इस मेले का भरपूर आनंद लिया।

मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। क्रिसमस ट्री, रंग-बिरंगी लाइटिंग और खूबसूरत सजावट ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के लिए खिलौनों, झूलों और खेलों की विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं, खाने-पीने के स्टॉलों पर केक, चॉकलेट्स, बर्गर, पेस्ट्री और अन्य व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। मेले में सांता क्लॉज की मनमोहक वेशभूषा में युवाओं ने बच्चों को उपहार बांटकर उनका मन जीत लिया। चर्च के अंदर प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सभी ने देश और समाज में शांति, भाईचारे और खुशहाली की कामना की। विशेष क्रिसमस कैरोल्स और गीतों ने माहौल को और भी पवित्र बना दिया। मेले व प्रार्थना कार्यक्रमों में महिलाओं व बच्चों की विशेष उपस्थिति देखने को मिली। भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। जगह-जगह पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं स्वयंसेवकों ने भी लोगों को मार्गदर्शन देकर महत्वपूर्ण योगदान दिया।



रोहतक। कैण्डल जलाकर पूजा अर्चना करते लोग। फोटो: हरिभूमि

### त्योहार ने बढ़ाई खुशियां और भाईचारा

क्रिसमस पर लगा यह मेला लोगों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सौहार्द का संदेश भी लेकर आया। सभी ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाइयां दीं और खुशियां बांटी। मेले में आई भीड़ यह साबित कर रही थी कि त्योहार चाहे किसी भी धर्म का हो, खुशियां सभी के लिए होती हैं। शहरवासियों का कहना है कि ऐसे आयोजन न केवल परंपराओं और संस्कृतियों को जीवंत रखते हैं बल्कि लोगों के बीच प्रेम व एकता भी बढ़ाते हैं। रोहतक में क्रिसमस का यह रंगारंग आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया।



### ग्रीनलैंड स्कूल में क्रिसमस-डे पर दिखी श्रद्धा की झलक

**रोहतक।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, दत्तौड़ में क्रिसमस डे एवं तुलसी पूजन का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां बच्चों ने क्रिसमस ट्री को सजाया, सांता क्लॉज के साथ फोटो खिंचवाई और क्रिसमस गीत गाकर पर्व की खुशियां मनाईं। बच्चों ने अपने मित्रों और शिक्षकों के साथ मिलकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान तुलसी पूजन भी विधिवत रूप से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने तुलसी माता की पूजा-अर्चना कर प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के महत्व को समझा। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने सामूहिक रूप से पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के निर्देशक अत्तर सिंह कौशिक एवं सह-निर्देशिका संतोष कौशिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और त्योहारों से परिचित कराते हैं तथा उनमें आपसी सम्मान और सहिष्णुता की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य तनु सचदेवा एवं हेडमिस्ट्रेस श्रीमती ज्योति ने भी बच्चों के साथ उत्सव में भाग लिया और उनके उत्साह व प्रस्तुति की सराहना की।



### अष्टलक्ष्मी महायज्ञ के छठे दिन की पद्मावती माता की आरती

**रोहतक।** श्री सिद्धेश्वर तीर्थ स्थित श्री ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति में आयोजित अष्टलक्ष्मी महायज्ञ के छठे दिन पार्श्वनाथ की अधिष्ठात्री देवी पद्मावती माता की पूजा, श्रृंगार एवं आरती के साथ सौभाग्य लक्ष्मी के निमित्त सुहाग-सुहागन पूजा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुई। सभी धार्मिक अनुष्ठान सिद्धगुरु सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि तिरुपति की दिव्य उपस्थिति में सम्पन्न हुए, जिसमें बड़ी संख्या में गुरुभक्त दंपतियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मॉरीशस के शिक्षा एवं मानव संसाधन मंत्री डॉ. महेंद्र गुंगापरसाद विशेष रूप से आश्रम पहुंचे और गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आश्रम की आध्यात्मिक गतिविधियों की सराहना करते हुए भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों को वैश्विक चेतना से जोड़ने वाला बताया। सिद्धगुरु सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन ही आध्यात्मिक साधना की प्रथम सीढ़ी है।



### शहीदी दिवस के रूप में मनेगी कृष्णावीर की पुण्य तिथि

**रोहतक।** जन अधिकार रक्षक रोहतक एवं केवीएम ट्रस्ट रोहतक की संयुक्त बैठक केवीएम कॉलेज लाढ़ौत रोड रोहतक में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्व. कृष्णावीर मायना की 24वीं पुण्यतिथि इस बार शहीदी दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर 29 दिसंबर को छोटूराम पार्क धर्मशाला, रोहतक में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे केवीएम कॉलेज में हवन का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी कर्मवीर मायना उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेठ मनमोहन गोयल, पूर्व मेयर नगर निगम रोहतक करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मवीर दहिया, सतीश नान्दल, दीपक नांल, मोहित मलिक उपस्थित रहेंगे। बैठक में स्वामी दयानन्द सरस्वती योग समिति के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर आर्य, कर्मवीर मायना, सुरेश राणा, शमशेर मलिक, भूपेन्द्र नेहरा, देवेन्द्र राणा, राजेश अहलावत, प्रीतम देशवाल, बीरेन्द्र बल्हारा, भाग सिंह पहलवान आदि रहे।



महम। सांता क्लोज के साथ क्रिसमस पर्व मनाते टैलेंट ट्री स्कूल के बच्चे।

### टैलेंट ट्री स्कूल में श्रद्धा से मनाया क्रिसमस पर्व

महम। टैलेंट ट्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर उत्सव के रंगों में सराबोर नजर आया। बच्चों के चेहरों पर क्रिसमस ट्री को देखकर त्योहार की खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। उत्सव का मुख्य आकर्षण क्रिसमस ट्रेन रही। सेंटा क्लॉज की अगुवाई में बच्चों ने एक कतारबद्ध होकर क्रिसमस ट्रेन बनाई और पूरे विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान जिंगल बेल्स की धुन और बच्चों की किलकारियों से माहौल खुशनुमा हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए क्रिसमस पर्व की महत्ता समझाई। उन्होंने बच्चों को प्रभु ईसा मसीह के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और कहा कि क्रिसमस केवल खुशियां मनाने का ही नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियां भरने का भी त्योहार है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा की भावना सिखाता है। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि वे मानव सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं और समाज में खुशियां बांटने का कार्य करें।



रोहतक। केक काटकर सरदार हवासिंह सैनी का जन्मदिन मनाते योग साधक।

### योग गुरु सरदार हवासिंह सैनी का जन्मदिन मनाया

**रोहतक।** स्थानीय मानसरोवर पार्क में अमर भारत योग सेवा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ योग गुरू सरदार हवासिंह सैनी का 86वां जन्मदिन योग साधकों द्वारा सादगी, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित साधकों ने केक काटकर, लंगर प्रसाद का आयोजन किया तथा उनके दीर्घायु, स्वस्थ और निरोगी जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान योग गुरू सरदार हवासिंह सैनी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। सरदार हवासिंह सैनी ने कहा कि योग प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनका उद्देश्य समाज को स्वस्थ और रोगमुक्त रखना बन गया। उन्होंने बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से योग को जन-जन तक पहुंचाने के मिशन में निरंतर कार्य कर रहे हैं। हरियाणा के विभिन्न शहरों और दिल्ली के कई क्षेत्रों में उनके द्वारा नियमित योग शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि रोहतक के मानसरोवर पार्क में पूरे वर्ष प्रतिदिन निशुल्क योग शिविर लगाया जाता है, जिससे बड़ी संख्या में लोग नियमित रूप से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

# अरावली मामले को लेकर इनेलो ने निभाई विपक्ष की भूमिका, भाजपा सरकार पर जमकर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अरावली क्षेत्र से जुड़े मामलों को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने विपक्ष की अपनी भूमिका को मजबूती से निभाते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। इनेलो नेता मनजीत कन्हेली ने कहा कि अरावली की पहाड़ियों को बचाने के नाम पर सरकार केवल दिखावटी कदम उठा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर अवैध खनन और पर्यावरण से खिलवाड़ लगातार जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण अरावली क्षेत्र का अस्तित्व संकट में है। मनजीत कन्हेली ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। खासतौर पर रोहतक जिले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और अपराधियों में पुलिस-प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है।उन्होंने कहा कि 28 दिसंबर को रोहतक में बड़े स्तर पर इनेलो पार्टी में दूसरे दलों को छोड़कर कार्यकर्ता शामिल होंगे कार्यक्रम में इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान मास्टर जगत सिंह, संदीप सुनारिया, कुलदीप पावड़ियि, मोनु कनहेलिया, सतपाल, रवि, दुष्यंतआदि मौजूद रहे।



### कांग्रेस बैक फुट पर

मनजीत कन्हेली ने कहा कि अरावली जैसे गंभीर और जनहित से जुड़े मामले में कांग्रेस पूरी तरह से बैक फुट पर नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस पूरे मामले में मौन साधे हुए है, जिससे यह प्रतीत होता है कि वह अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा की सहयोगी बनी हुई है। कन्हेली ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस यदि जनता की आवाज नहीं उठाती, तो यह उसकी नीयत और नीति दोनों पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि इनेलो ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो प्रदेश में सरकार की गलत नीतियों, पर्यावरण के विनाश और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ मजबूती से आवाज उठा रही है।



रोहतक। दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते मुख्यअतिथि हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### प्रशासन को और अधिक सुलभ बनाया जाएगा :ग्रोवर

**रोहतक।** सुशासन दिवस के अवसर पर वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन को वर्चुअली सुना गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि व अन्य मेहमानों ने दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्यअतिथि हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को बढ़ावा देखकर ही सुशासन दिवस को सार्थक बनाया जा सकता है। ग्रोवर ने कहा कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना ही सुशासन है।

### विद्यार्थियों ने किया तुलसी पूजन

**रोहतक।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वावधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड में शिशु वाटिका के विद्यार्थियों द्वारा तुलसी पूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कारों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम की संयोजिका आदेश राजपाल ने कहा कि तुलसी केवल एक पौधा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, स्वास्थ्य और पर्यावरण की संरक्षक है। बचपन से ही बच्चों में प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण का भाव विकसित करना आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे संस्कारात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ ऑल सेंट्स चर्च में मनाया क्रिसमस का पर्व

- मोमबत्तियां जलाकर की गई सुख-शांति की प्रार्थना, बच्चों के कार्यक्रमों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यीशु मसीह का जन्मदिन क्रिसमस पर्व में हर्षोल्लास, श्रद्धा और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सिविल रोड स्थित मॉडल स्कूल के समीप ऑल सेंट्स चर्च में पादरी इंचार्ज एरिक डेनियल के सानिध्य में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

सुबह 10 से 11 बजे तक चर्च में विशेष क्रिसमस प्रार्थना आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन रहे। इस अवसर पर पादरी एरिक डेनियल ने अतिथियों को चर्च परिसर का भ्रमण करवाया और प्रभु यीशु के जीवन, उनके संदेशों और मानवता के कल्याण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। चर्च परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के झूले, खाने-पीने, मोमबत्ती और अन्य सामग्री के स्टॉल लगाए गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। चर्च पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन। फोटो: हरिभूमि



### स्वयंसेवकों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण

**रोहतक।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के दूसरे दिन पठानिया पब्लिक स्कूल की यूनिट-1 के अध्यक्ष मोहनलाल तथा यूनिट-2 की अध्यक्ष नीतू सेठी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने लाहली स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्रों ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद स्थापित किया और उनके जीवन के अनुभवों को बड़े ध्यान से सुना। विद्यार्थियों ने वृद्धजनों की दिनचर्या, स्वास्थ्य संबंधी स्थिति एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त कर उनके प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सहानुभूति का भाव व्यक्त किया। स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें स्नेह एवं सहयोग का आश्वासन दिया, जिससे आश्रम का वातावरण भावनात्मक रूप से और अधिक सजीव हो उठा। विद्यालय की ओर से वृद्धजनों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए मानवीय मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सेवा भावना को समझने का एक प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ। स्कूल की को-फाउंडर वर्षा पठानिया, स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप प्रधानाचार्य प्रीति ढांडा, सुनीता मोर एवं को-ऑर्डिनेटर आलोक हुड्डा ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

### न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल में मनाया क्रिसमस-डे

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्रों ने दिया प्रेम, शांति व भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, उल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रेम, शांति, भाईचारे और आपसी सद्भाव की भावना को विकसित करना रहा। विद्यालय परिसर को क्रिसमस थीम के अनुसार सुंदर रूप से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव की रौनक दिखाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत संबोधन एवं क्रिसमस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, कविता पाठ और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसी आकर्षक गतिविधियां शामिल रहीं। छात्रों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों के साथ छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र हुड्डा एवं प्रधानाचार्या सरला हुड्डा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी को क्रिसमस डे की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीख, आनंद और यादगार पलों से भरपूर रहा।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादु-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान
पं. तुषार शर्मा (गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज फ्री ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

## खबर संक्षेप



### अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन मनाया

**रोहतक।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिन जिले में श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों, आदर्शों और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अशोक कुमार रंगा ने अटल जी को सादगी, सरलता, राष्ट्रभक्ति और सुशासन का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी जनसेवा और सुशासन की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए। कार्यालय सचिव बीर सिंह हुड्डा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन सेवा, समर्पण और मानवता का संदेश देता है, इसी भावना से यह सेवा कार्य किया गया।



### महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

**रोहतक।** कवि शहीद फौजी जाट मेहर सिंह ट्रस्ट की ओर से हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक कलाकारों ने अपनी रागनियों के माध्यम से महाराजा सूरजमल के शौर्य, त्याग और जीवन गाथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मास्टर रोहतास लाठर ने कवि शहीद फौजी जाट मेहर सिंह की रागनी "बरसन लागे फूल बोस पर, हाथ मिला हिटलर ते" गाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया, जिससे पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में हरियाणवी किस्से और फुटकर रागनियों की भी प्रस्तुति दी गई।

# अलविदा 2025: इस साल अपराध की भेंट चढ़े 65 लोग, 'खून से लाल' रहा जिला

**रंजिश, पारिवारिक विवाद, गैंगवार और मामूली झगड़े बने हत्या की वजह**

नीरज वर्मा ▶▶| रोहतक

*साल 2025 कई खट्टी मिठी यादें छोड़ गया। यह साल अपराध और खून-खराबे के लिहाज से बेहद भयावह साबित हुआ। इस साल जिले में कई बड़ी वारदातें हुईं। जो लोगों को झकझोर गईं। रंजिश, घरेलू कलह और गैंगवार के मामले सालभर गूंजते रहे और लोगों के जेहन में दहशत पैदा करते रहे। दोस्त ही दोस्तों के दुश्मन बने, कई जगह रिश्ते तार-तार हुए। पेश है इस साल की रिपोर्ट...।*

साल 2025 रोहतक जिले के लिए अपराध और खून-खराबे के लिहाज से बेहद भयावह साबित हुआ। बीतते वर्ष के साथ जिले ने 65 लोगों की जान गंवा दी। हत्या की इन घटनाओं ने न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी दिखा दिया कि मामूली विवाद किस कदर जानलेवा बनते जा रहे हैं। कहीं गाड़ी साइड देने की बात पर हत्या हुई, तो कहीं पारिवारिक कलह, जमीन विवाद और आपसी रंजिश ने लोगों की जान ले ली। पूरे साल जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हत्या की घटनाएं सामने आती रहीं। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी क्षेत्र भी इससे अछूते नहीं रहे। कई मामलों में आरोपी अपने ही रिश्तेदार निकले, तो कई वारदातों में दोस्त ही दोस्त का दुश्मन बन गया।



### आपसी रंजिश और पारिवारिक विवाद बने बड़ी वजह

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 2025 में हुई अधिकांश हत्याओं के पीछे आपसी रंजिश और पारिवारिक विवाद प्रमुख कारण रहे। भाइयों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद, पति-पत्नी के झगड़े, प्रेम प्रसंग और तलाक जैसे मामलों ने हिंसक रूप ले लिया। कई मामलों में सगे भाई-बहन, पति-पत्नी या रिश्तेदारों ने ही एक-दूसरे की जान ले ली। हाल ही में सामने आया मामला, जहां एक सगे भाई ने अपनी ही बहन की गला रेतकर हत्या कर दी, लोगों को झकझोर देने वाला रहा। इसी तरह परिवार के भीतर हुए झगड़ों ने कई घरों को उजाड़ दिया।



### समाज के लिए चेतावनी

साल 2025 में रोहतक में बहा खून समाज के लिए एक बड़ी चेतावनी है। यह दर्शाता है कि सहनशीलता की कमी, गुस्सा और कानून के प्रति भय का अभाव किस तरह समाज को खोखला कर रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हिंसा का सहारा लेना अब आम होता जा रहा है, जो आने वाले समय के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है।

### केस-1
**कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की दर्दनाक हत्या**

यह मामला 2025 की सबसे चर्चित हत्याओं में से एक रहा। 30 वर्षीय कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल विजय नगर की रहने वाली थी। वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपनी पारंपरिक हरियाणवी पोशाक की वजह से चर्चा में आई थीं। हिमानी वैश्य कॉलेज से एमबीए और लॉ की पढ़ाई भी कर चुकी थीं। 2 मार्च 2025 की सुबह सांपला बस अड्डे के पास सड़क किनारे एक नीले रंग के सूटकेस में उनका शव बरामद हुआ। सूटकेस खेतों के पास झाड़ियों में पड़ा मिला।

### केस-2
**फतेहपुर कॉलोनी में प्लॉट विवाद बना दो युवकों की मौतों का कारण**

23 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 9:30 बजे फतेहपुर कॉलोनी में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश और प्लॉट विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान 21 वर्षीय सुमित, जो प्लंबर का काम करता था, को आरोपी मनीष ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद परिजन उसे तुरंत पीजीआई रोहतक ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुमित तीन भाई-बहनों में बड़ा था व परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रहा था। जैसे ही घटना की जानकारी फैली, सुमित पक्ष के लोगों ने हमलावर मनीष पर गंडासी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### केस-3
**मायना गांव के पास नहर किनारे महिला का शव मिला**

24 नवंबर को गांव मायना के पास नहर की पटरी पर लगभग 30 वर्षीय एक महिला का शव मिला। महिला के माथे में गोली मारकर हत्या की गई थी। शव की पहचान प्रारंभ में नहीं हो पाई। घटनास्थल की स्थिति देखकर यह अनुमान लगाया गया कि हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को यहां फेंका गया। जेएलएन नहर और भालौठ सब-ब्रांच के बीच स्थित सुनसान इलाके में शव मिलने की सूचना सिंचाई विभाग के जेई ने गांव मायना के सरपंच प्रतिनिधि को दी, जिन्होंने पुलिस को अवगत करवाया।

### केस-4
**काहनी में परिवारिक विवाद की वजह से सपना की हत्या**

20 नवंबर की रात काहनी गांव में 23 वर्षीय सपना की उसके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना में उसका देवर साहिल (20) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को रात लगभग 10:45 बजे पीजीआईएमएस लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सपना को मृत घोषित कर दिया। सपना की शादी सूरज से तीन वर्ष पहले कोर्ट मैरिज के तहत हुई थी। यह शादी सपना के मायकेवालों को पसंद नहीं थी और उन्होंने दोनों को गांव में रहने से मना कर दिया था। इन दबावों के चलते दंपती कुछ वर्षों तक रोहतक में किराये पर रहने लगे।

### पुलिस की कार्रवाई और चुनौतियां

पुलिस ने 2025 में हत्या के मामलों में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और अधिकतर मामलों का खुलासा भी किया। पुलिस का दावा है कि अधिकांश मामलों में आरोपी सलाखों के पीछे हैं। इसके बावजूद लगातार हो रही वारदातों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल भी खड़े किए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाई गई, नाकाबंदी की गई और संदिग्धों पर नजर रखी गई। साथ ही अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान भी चलाए गए।

### ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र प्रभावित

हत्या की घटनाएं केवल शहर तक सीमित नहीं रहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमीन विवाद, पुरानी रंजिश और पंचायत स्तर के झगड़ों में कई लोगों की हत्या हुई। वहीं शहर में बाजार, कॉलोनियों और सड़कों पर दिनदहाड़े हत्या की घटनाओं ने आमजन में डर का माहौल बना दिया। माता दरवाजा, सिविल लाइन, महम, कलानौर और सांपला जैसे थाना क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मामले सामने आए। कई घटनाएं ऐसी रहीं, जिनमें पुलिस को मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए।

### अवैध हथियारों ने बढ़ाई चिंता

जिले में बढ़ते अवैध हथियारों ने भी अपराध को बढ़ावा दिया। कई हत्याओं में देसी पिस्तौल, चाकू और अन्य तेजधार हथियारों का इस्तेमाल हुआ। पुलिस ने कई मामलों में हथियार बरामद किए, लेकिन इसके बावजूद अवैध हथियारों की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी रही। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि युवा वर्ग का अपराध की ओर बढ़ता रुझान और नशे की लत भी इन घटनाओं का बड़ा कारण रही। नशे की हालत में हुए झगड़ों में कई लोगों की जान चली गई।

### मामूली बातों पर छीना गया जीवन

साल 2025 में यह भी देखने को मिला कि मामूली कहासुनी ने कई बार जानलेवा रूप ले लिया। गाड़ी साइड देने, शराब के नशे में हुई बहस, मोबाइल फोन, पैसे के लेन-देन और छोटी-छोटी बातों पर हुए झगड़ों में चाकू, पिस्टल और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया। ऐसे ही एक मामले में फूल व्यापारी की गाड़ी साइड देने के विवाद में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पहले पिस्टल से गोली चलाने की कोशिश की गई, लेकिन फायर नहीं हुआ तो चाकू से वार कर दिया गया।

# एमडीएन पब्लिक स्कूल के विंटर कार्निवल में बिखरेगी बहुरंगी उत्सव की छटा

## '27 दिसंबर को विंटर कार्निवल 2025, इल्यूमिनेरिया' का आयोजन

- उत्सव दोपहर 12 :30 बजे से विद्यालय परिसर में आरंभ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीएन पब्लिक स्कूल द्वारा शीत ऋतु के उल्लास को और अधिक रंगीन बनाने के उद्देश्य से आगामी 27 दिसंबर को विंटर कार्निवल 2025 इल्यूमिनेरिया का भव्य एवं बहुरंगी आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव दोपहर 12:30 बजे से विद्यालय परिसर में आरंभ होगा, जिसमें आनंद, प्रकाश और रोमांच का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

### विंटर कार्निवल आकर्षणों से भरपूर

इस अवसर पर जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि एससी मलिक अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष महत्व प्राप्त होगा। विंटर कार्निवल में विद्यार्थियों, अभिभावकों और नगरवासियों के लिए अनेक आकर्षण होंगे। रैंप वॉक, त्वरित चित्रांकन, अभिभावक–विद्यार्थी फ्रीज़ डांस, सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां, स्वादिष्ट व्यंजन स्टॉल, खरीदारी केंद्र, हॉन्टेड हाउस, ऊंट सवारी, झूले और साहसिक खेल मुख्य आकर्षण रहेंगे। साथ ही, आकर्षक सेल्फी पॉइंट और रंगीन रोशनियों से सजा परिसर उत्सव की छटा बिखेरेगा। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह कार्निवल सभी के लिए खुला रहेगा और पारिवारिक मनोरंजन के साथ सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देगा।

# नौ सूत्री कार्यक्रम के तहत संगठन को सशक्त बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वर्णकार सेवा संघ हरियाणा ने संगठन को और अधिक सशक्त, व्यापक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नौ सूत्री कार्यक्रम की शुरुआत की है। प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र वर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ बुद्धिजीवियों और समाज के सलाहकारों के साथ विचार-विमर्श के बाद नौ प्रमुख प्रकोष्ठों का गठन किया गया है, जिसे संगठनात्मक मजबूती और समाजहित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### 5 जोनों में बांटा

इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश को प्रशासनिक सुविधा के लिए 5 जोनों में बांटा गया है, जिससे जिले और ब्लॉक स्तर तक बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। संघ के नए ढांचे में 33 प्रदेश उपाध्यक्ष, 3 सह-सचिव, 13 सलाहकार और 1 मुख्य संरक्षक शामिल हैं। मीडिया में समाज की आवाज को मजबूत बनाने के लिए 11 सदस्यों का मीडिया प्रकोष्ठ बनाया गया है। कानूनी मार्गदर्शन के लिए 15 सदस्यों का कानूनी प्रकोष्ठ तथा संगठन को वैचारिक दिशा देने के लिए 13 सदस्यों का सलाहकार प्रकोष्ठ गठित किया गया है।

### 91 सदस्य किए शामिल

प्रदेश कार्यकारिणी में 91 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। राजनीतिक जागरूकता और समाजहित को राजनीतिक मंच पर प्रभावी बनाने हेतु 33 सदस्यों का अजमीढ़ राजनीतिक मंच बनाया गया है। इसके साथ ही 10 सदस्यों का निगरानी प्रकोष्ठ और 15 सदस्यों का प्रगति प्रकोष्ठ गठित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र वर्मा ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों से निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रदेश प्रवक्ता जयपाल लांबा ने बताया कि नारी शक्ति और युवा शक्ति को भी संगठन में शामिल किया गया है, जिसमें महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मंजू सोनी और युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह साहबाद को जिम्मेदारी दी गई है। इस नौ सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से स्वर्णकार समाज को एकजुट करने, नेतृत्व के अवसर देने और समाज की समस्याओं को संगठित रूप से सरकार व प्रशासन के समक्ष रखने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### पंडित लख्मीचंद गौरव सम्मान से डॉ. सत्यवीर सम्मानित

**रोहतक।** हरियाणा की प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान द्वारा निर्माणाधीन पंडित लख्मीचंद आश्रम उमरापुर में आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर निराला चैरिटेबल ट्रस्ट, कलानौर के संस्थापक व निदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह निराला को समाज सेवा, आध्यात्मिक जागृति, महिला सशक्तिकरण तथा साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पंडित लख्मीचंद गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, साहित्यकारों, कलाकारों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। सम्मान प्रदान करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. निराला वर्षों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहकर जरूरतमंदों की सेवा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# डीएवी स्कूल में वार्षिक उत्सव 'क्षितिज' संपन्न

## नन्ही प्रतिभाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

- कार्यक्रम स्थल रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्प-सज्जा और आकर्षक मंच व्यवस्था से सुसज्जित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव 'क्षितिज' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम स्थल रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्प-सज्जा और आकर्षक मंच व्यवस्था से सुसज्जित रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक चौधरी (चेयरमैन, मार्केट कमेटी रोहतक), एस.एल. वर्मा (प्रेसिडेंट, रोटरी क्लब रोहतक) एवं महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। उत्सव को दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में प्री-केजी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने "ब्लोमिंग फ्लावर" थीम पर आधारित नृत्य, फैशन शो, भांगड़ा व गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। द्वितीय सत्र में तीसरी से छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने "थ्रेड्स ऑफ लव" विषय पर नुक्कड़ नाटक, स्किट, आत्मरक्षा प्रदर्शन, कव्वाली एवं नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक व खेल उपलब्धियों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा राज्य एवं क्लस्टर स्तर पर पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# अचिवर्स क्रू- इलेवन ने गोयल क्लब को 96 रनों से हराया

**बेहतरीन बल्लेबाज युवराज मलिक और गेंदबाज रक्षित चौहान को घोषित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमएस सरस्वती क्रिकेट ग्राउंड पर वीरवार को खेले गए 7 वन डे सीरीज के लीग मुकाबले में अचिवर्स क्रू-इलेवन ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब को 96 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अचिवर्स ने 49.1 ओवर में 310 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। अचिवर्स की पारी के हीरो युवराज मलिक रहे। जिन्होंने मात्र 72 गेंदों पर 112 रनों की विस्फोटक शतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। अंतिम ओवरों में शिवा ने 23 गेंदों पर 37 रन बनाकर रनगति को और तेज़ किया। उदित (45) और विकेटकीपर हरप्रीत (34) ने भी अहम योगदान दिया।

### मैन ऑफ द मैच रक्षित चौहान रहे

क्रिकेट क्लब की ओर से वैभव ने 4 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। 310 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की शुरुआत ठीक-ठाक रही। ए.के. (40) और अभिनव सिंह (40) ने तेज रन बनाए, वहीं विकेट कीपर हर्ष ने 38 गेंदों पर 54 रनों की आक्रामक पारी खेलकर संघर्ष बनाए रखा। लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 31.5 ओवर में 214 रन पर सिमट गई। अचिवर्स की गेंदबाज़ी में रक्षित चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। कप्तान नीरज नरवाल और अभिषेक सहारण ने 2-2 विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाज़ी की कमर तोड़ दी। इस जीत के साथ अचिवर्स क्रू-इलेवन ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली । इस जीत के साथ मैच के मैन ऑफ द मैच रक्षित चौहान रहे। बेहतरीन बल्लेबाज युवराज मलिक और गेंदबाज रक्षित चौहान को घोषित किया।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**पिछले 12 वर्ष में हेपेटाइटिस सी के 26 हजार, हेपेटाइटिस बी के 12 हजार मरीजों का पंजीकरण**

# रोजाना 80 मरीज पीजीआई में मुफ्त करवा रहे पीलिया का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआई का गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग नेशनल वायरल हेपिटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत हरियाणा राज्य का एकमात्र नोडल ट्रीटमेंट सेंटर है और भारत में काले पीलिया के मरीजों के इलाज में उन चुनिंदा संस्थानों में से एक है। जहां पर प्रतिदिन करीब 75 से 80 मरीज का इलाज निशुल्क किया जाता है। यह देश का पहला ऐसा केंद्र है जहां पर प्रतिदिन बिना किसी अपॉइंटमेंट और प्रतिक्षा के पूरा इलाज निशुल्क दिया जाता है, इसमें सबसे बड़ी बात है कि यहां पर एक ही छत के नीचे फाइब्रोस्कैन, एंडोस्कोपी जैसे सभी टेस्टों एवं दाखिले की सुविधा उपलब्ध है।

मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर एवं विभाग अध्यक्ष और नोडल ट्रीटमेंट सेंटर के इंचार्ज डॉ प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि अभी तक नेशनल प्रोग्राम के तहत सभी हेल्थ वर्कर्स को निशुल्क हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन लगाई जा रही थी और अब इसका दायरा बढ़ाते हुए उन लोगों को भी उपलब्ध करवाई जा रही है जिन्हें हेपेटाइटिस बी होने का खतरा ज्यादा रहता है।



**रोहतक।** मरीज को जानकारी देते डॉ प्रवीण मल्होत्रा।

### प्रतिदिन लगाई जा रही वैक्सीन

कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर वरुण अरोड़ा ने बताया कि हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन ओपीडी के कमरा नंबर 206 में प्रतिदिन लगाई जा रही है। वरुण अरोड़ा ने बताया कि इन हाई रिस्क मरीजों में वह लोग शामिल होते हैं जिन्हें बार-बार खून चढ़ता है, जैसे हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, डायलिसिस के मरीज, नशे के टीके लगाने वाले मरीज, एचआईवी, हैपेटाईटिस सी, हैपेटाईटिस बी के मरीजों के परिवार के सदस्य व देखभाल करने वाले शामिल है।

### हेपेटाइटिस सी के करीब 26 हजार मरीज आए

डॉ प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि अब तक पिछले 12 वर्ष में हेपेटाइटिस सी के करीब 26 हजार तथा हेपेटाइटिस बी के 12000 मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इन मरीजों पर कई रिसर्च की जा चुकी हैं, जिसमें स्त्री रोग विभाग की रिसर्च में माता और शिशु को इस बीमारी से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि स्त्री रोग विभाग अध्यक्ष डॉ पुष्पा दहिया के नेतृत्व में रिसर्चर डॉक्टर वाणी मल्होत्रा ने माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉक्टर परमजीत सिंह गिल के साथ मिलकर मां से बच्चों में जाने वाले हेपेटाइटिस बी को रोकने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि महिलाओं में काले पीलिया होने पर गर्भपात होने के आसार काफी ज्यादा होते हैं। उन्होंने बताया कि पीजीआइएमएस की रिसर्च में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं जिसमें पाया गया कि हेपेटाइटिस बी में 30% और हेपेटाइटिस सी में 26% तक गर्भपात होने का पता चला। डॉ वाणी मल्होत्रा ने बताया कि इसमें सबसे ज्यादा महिलाएं 20 से 30 वर्ष के बीच की थी। उन्होंने बताया कि पहले तीन माह के दौरान गर्भपात का खतरा बहुत ज्यादा पाया गया। रिसर्च में देखा गया कि करीब 60% महिलाओं में एक बार गर्भपात पाया गया जबकि 40% महिलाओं में दो बार से अधिक गर्भपात पाया गया। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि इससे पता चलता है कि यदि शादी से पहले हर कोई काले पीलिये की जांच करवाए और यदि काला पीलिया नहीं मिलता है तो उसे हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन लगाई जाए और अगर मिलता है तो उसका इलाज ले लिया जाए तो काफी हद तक काले पीलिया को खत्म किया जा सकता है।